रविवासरीय

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

रविवार, 01 दिसम्बर 2013, बरेली, पांच प्रदेश, 18 संस्करण, नगर

'हर क्षेत्र में जरूरी है गणित'

एसआरएमएस में शनिवार को इंस्पायर इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत गणित पर व्याख्यान दिया गया।

बरेली | प्रमुख संवाददाता

श्री राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में इंस्पायर इंटर्नशिप कार्यक्रम के चौथे दिन गणित पर व्याख्यान हुआ। इसका समापन रविवार को होगा।

चौथे दिन के कार्यक्रम के पहले मेंटर एमएमएच कालेज गाजियाबाद के डा. नागेंद्र कुमार ने गणित की संकल्पना और सूत्रों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने प्राकृतिक संख्याओं के समूह तथा शून्य का गणित में महत्व समझाया। प्रथम सत्र के बाद आईआईटी कानपुर में गणित विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रबल सिन्हा ने छात्रों को गणित की प्रस्तावना के साथ ही साइबर सुरक्षा, डीएनए व जीन मैपिंग और मौसम की भविष्यवाणियों में गणित का महत्व समझाया। इस मौके पर ट्रस्ट प्रशासन सुभाष मेहरा, प्रो. प्रभाकर गुप्ता, प्रो. जेएन साहू मौजूद थे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।